पंजाब केसरी 25/01/2025

विद्यार्थी सोशल मीडिया के बजाय पुस्तकालय में अधिक से अधिक समय बिताएं : अंजली वधावन

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के पुस्तकालय में पुस्तकें और छात्र-छात्राओं को शॉल भेंट करती कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं समाजसेविका अंजली वधावन। (देवदत्त)

पूर्व छात्रा ने गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के पुस्तकालय में भेंट की पुस्तकें और विद्यार्थियों को शॉल

अम्बाला, 23 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में छात्र प्रगति एवं पूर्व छात्र सैल द्वारा एक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं समाजसेविका अंजली वधावन ने न केवल विद्यार्थियों को अपने प्रेरणादायक विचारों से प्रोत्साहित किया, बल्कि कॉलेज पुस्तकालय में अनेक पुस्तकें और छात्र-छात्राओं को शॉल भी भेंट किए।

अंजली वधावन ने कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया की दुनिया में फंस कर और अपना समय बर्बाद करने के बजाय हमें पुस्तकालय में अपना अधिक से अधिक समय बिताना चाहिए, क्योंकि जो ज्ञान पुस्तकों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, वह किसी अन्य साधन से नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि अपने सपनों को साकार करने का सबसे अच्छा तरीका है, उन्हें जागते हुए देखना। छात्र जीवन में खूब मेहनत एवं लगन से की गई पढ़ाई उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक है। हमें अच्छे से पढ़-लिखकर न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि अपने अध्यापकों, अपने समाज, अपने शहर एवं अपने देश का नाम भी रोशन करना है।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि पूर्व छात्र कॉलेज के अमूल्य रत्न हैं और अंजली वधावन तो समाज सेविका के साथ एक बहुत नेकदिल इंसान भी हैं। इनका समाज के उत्थान में योगदान सराहनीय है। कॉलेज की छात्र प्रगति और पूर्व छात्र प्रकोष्ठ, अध्यक्षा डा. तृप्ति शर्मा का कहना था कि पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी कॉलेज के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है।